अमर उजाला 28/11/2024

छात्राओं को दिया हिंसा से बचने का ज्ञान

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में बुधवार को महिलाओं के खिलाफ हिंसा और बाल विवाह उन्मूलन विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त और संयोजिका डॉ. पिंकी गुप्ता के मार्गदर्शन में किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम 112 के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ाना रहा। 23 छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी रचनात्मकता के माध्यम से इन आवश्यक सेवाओं के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। कार्यक्रम में डॉ. नेहा अग्रवाल, डॉ तृप्ति शर्मा, प्रो.रीतिका, प्रो. जसमीता हांडा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। संवाद